डा0 भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा

(पूर्ववर्ती : आगरा विश्वविद्यालय, आगरा)

पत्रांकः सम्ब0/ 1689 /2022
दिनांक 21/7/2022

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
डा0 भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय,
आगरा।

विषयः–वित्तीय वर्ष 2022–23 से दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत छात्र/छात्राओं के बायोमेट्रिक अटेण्डेस लगाये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपुर्यक्त विषयक जिला समाज कल्याण अधिकारी के पत्र संख्या सी–6621/स0क0/छात्रवृत्ति/2022–23 दिनांक 15.07.2022 का संदर्भ ग्रहण करें, जिसमें छात्रवृत्ति की नियमावली के अनुसार 75 प्रतिशत या उससे ऊपर उपस्थिति वाले छात्र/छात्राओं को शैक्षणिक भत्ता एवं शुल्क प्रतिपूर्ति सुविधा अनुमन्य होगी। यदि किसी छात्र की उपस्थिति 75 प्रतिशत से कम है, तो ऐसे छात्र छात्रवृत्ति हेतु पात्र नही होगे तथा छात्र को यदि भुगतान हो गया हो भुगतानित धनराशि छात्र अथवा संस्था को वापस करनी होगी एवं बायोमेट्रिक अटेण्डेस हेतु आवश्यक उपकरण संस्थाओं में लगवाये जाने का उल्लेख किया गया है।

अतः उक्त से अवगत होते हुये जिला समाज कल्याण अधिकारी के पत्र के कम में बायोमेट्रिक अटेण्डेस हेतु आवश्यक उपकरण महाविद्यालय/संस्थाओं में लगवाकर उसका फोटो सहित साक्ष्य एवं अद्यतन प्राचार्य अनुमोदन पत्र अद्योहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराने का कष्ट करें, अन्यथा की स्थिति में सत्र 2022–23 में प्रवेश पूर्णतः प्रतिबन्धित रहेगा।

संलग्नकः–यथोपरि।

20/07/22

सहायक कुलसचिव
(सम्बद्धन)

प्रतिलिपिः–

1. अधीक्षक कुलपति–सचिवालय, माननीय कुलपति जी के सूचनार्थ प्रेषित।
2. अधीक्षक कुलसचिव कार्यालय।
3. गार्ड फाईल।
4. एजेन्सी को इस आशय से प्रेषित की उक्त सूचना को सम्बन्धित समस्त महा0 की लोगिन एवं वि0वि0 वेबसाइट पर प्रदर्शित करना सुनिश्चित करें।

सहायक कुलसचिव
(सम्बद्धन)

Affisvlett